प्रेस नोट

दिनांक 08.02.2025

पीस कमेटी की बैठक संपन्न

आज दिनांक 08.02.2025 को, उप जिलाधिकारी मौदहा व क्षेत्राधिकारी मौदहा ने थाना मौदहा में आगामी त्योहार शव-ए-बरात एवं रविदास जयंती के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। बैठक में स्थानीय प्रशासन, धर्मगुरु, और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

शव-ए-बरात एवं रविदास जयंती के दौरान शांति और सद्भावना एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए गए। यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असत्य सूचना फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।